दिन– रविवार दिनांक– 15 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से हथियार डालने और समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की।

03. राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के माई–बहन मान योजना की घोषणा पर राजनीतिक बयानबाजी तेज। एनडीए ने लालू परिवार पर महिलाओं के अपमान का लगाया आरोप।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ जमुई आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। श्री मोदी आज सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित भी करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एक साझा विकास एजेंडा तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने के अलावा राज्यों के साथ भागीदारी की रूपरेखा तय करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी को अधिक मजबूत करना है। इसके साथ ही सहकारी संघवाद को बढ़ाने के साथ तेजी से वृद्धि और विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना भी है। इसमें बिहार सहित सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से हथियार डालने और समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की है। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरे समर्पण के साथ अभियान चला रही है। उन्होंने दावा किया कि दो हजार छब्बीस तक देश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा।

———बाईट———

——————————————————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के माई–बहन मान योजना की घोषणा पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले लालू परिवार को अपने पंद्रह साल के शासनकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए।

———बाईट———

वहीं, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लालू परिवार के शासकाल में पार्टी को मां–बहनों की चिंता क्यों नहीं हुई।

———बाईट———

इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद की माई–बहन मान योजना की आलोचना करते हुए कहा कि इतने घोटालों के बाद राज्य की जनता अब किसी भी हालत में लालू परिवार को बिहार की कमान नहीं सौंपेगी।

———बाईट———

——————————————————————————————————————————

वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि महिलाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जितना काम किया है उसके सामने कोई घोषणा मायने नहीं रखती है। अपनी बिहार यात्रा के अंतिम चरण में भागलपुर में श्री कुशवाहा ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए दो सौ पच्चीस से अधिक सीटें जीतेगा।

——————————————————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी महिला सशक्तिकरण और युवाओं के हित में लगतार काम कर रही है। श्री यादव सुपौल में संवाददाताओं से बातचीत में फिर दुहराया कि दो हजार पच्चीस में राजद की सरकार बनने पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए माई–बहन मान योजना शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को भी चार सौ रूपये से बढ़ा कर पंद्रह सौ रूपये किया जाएगा।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मणिपुर में गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के दो मजदूरों की हत्या पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के निकटतम परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके साथ ही श्रम संसाधन विभाग और समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं से नियमानुसार लाभ दिलाने के लिए भी निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

——————————————————————————

प्रदेश में बिजली कनेक्शन की नई दरे तय हो गयी है। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कम्पनी के प्रस्ताव पर एक किलो वाट से एक सौ पचास किलो वाट तक के कनेक्शन की दर निर्धारित की हैं। नई दर के अनुसार उपभोक्ताओं को न्यूनतम नौ सौ रूपये प्रति किलो वाट की दर से कनेक्शन शुल्क देना होगा। वर्तमान में प्रति किलो वाट दो हजार रूपये का शुल्क देना होता है। उपभोक्ताओं को घर से बिजली के खंभे की दूरी पैंतीस मीटर तक होने पर तार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। खंभे की दूरी इससे अधिक दूरी होने पर पचास मीटर की दूरी के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा। आयोग ने कहा है कि अपार्टमेंट और व्यवसायिक प्रतिष्ठान के लिए अलग दर नहीं होगी।

——————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातर बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ जमुई प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, बांका का न्यूनतम तापमान चार दशलव नौ तथा राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रोहतास के डेहरी में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। यहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य के कुछ स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि पूरबा हवा के प्रभाव से अगले तीन दिनों के दौरान रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती।

———बाईट———

———————————————————————————————

सीमा शुल्क– निवारण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम चंपारण जिले के रक्सौल रेलवे स्टेशन से तीन करोड़ रूपये मूल्य के विदेशी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट जब्त की है। सीमा शुल्क निवारण, पटना के आयुक्त डॉ. यशोवर्धन पाठक ने बताया कि विभाग द्वारा ई–सिगरेट की देशभर में एक साथ बरामदगी और जब्ती की यह सबसे बड़ी कार्रवाईयों में से एक है। उन्होंने बताया कि रक्सौल रेलवे स्टेशन से आज सुबह दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस से भेजे जाने वाली इस खेप को जब्त किया गया है।

———————————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें एकता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पटना के चितकोहरा स्थित पटेल चौक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

———————————————————————————————

सहरसा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने सहरसा से खगड़िया के रास्ते सियालदह तक वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने की स्वीकृति पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष सहरसा– मानसी रेल लाइन के दोहरीकरण समेत अन्य मांगों को भी रखा। श्री यादव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के परिचालन से खगड़िया और सहरसा के लोगों को कोलकाता की यात्रा में आसानी होगी।

———————————————————————————————

कांग्रेस सेवादल के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन में सेवादल की भूमिका और संगठनात्मक मजबूती पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

———————————————————————————

प्रदेश के किसानों से इस वर्ष सितम्बर महीने में बाढ़ और भारी बारिश से नष्ट हुई फसलों के फसल क्षति के लिए ऑफलाईन आवेदन लिया जायेगा। यह सुविधा केवल उन किसानों के लिए होगी, जो आवेदन देने से छूट गये हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी छुटे हुये किसानों के आवेदन को उपलब्ध करायेंगे। कृषि इनपुट योजना के तहत कृषि पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जायेगा।

———————————————————————————

विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा विकसित भारत विषय पर आधारित फ़ोटो प्रदर्शनी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर सीबीसी अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं समेत अन्य विषयों पर जानकारी दी गयी थी।

———————————————————————————

भोजपुरी सिनेमा के जाने–माने अभिनेता और निर्माता विजय खरे का बैंगलूरू में निधन हो गया है। वे बहत्तर वर्ष के थे। विजय खरे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। रईसजादा, गंगा किनारे मोरा गांव और हमरा से बियाह करबा उनकी लोकप्रिय भोजपुरी फिल्में हैं।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और बिहार पशु कल्याण विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन ट्रक मवेशियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कैमूर जिले में एनएच–तीस पर कटराकलां गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो छात्रों की मौत हो गई।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के अलग–अलग स्थानों पर अगलगी की घटना में खेत में रखी लाखों रुपए मूल्य की धान की फसल जलकर नष्ट हो गयी। इधर, नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड क्षेत्र के तरौन गांव में कर्बला के पास धान के पूंज में आग लगने से लगभग एक लाख रूपये से अधिक की फसल जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने लक्ष्मी देवी हत्याकांड के मुख्य आरोपी निवास कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस मिले हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से हथियार डालने और समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की।

03. राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के माई–बहन मान योजना की घोषणा पर राजनीतिक बयानबाजी तेज। एनडीए ने लालू परिवार पर महिलाओं के अपमान का लगाया आरोप।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ जमुई आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।